University of Lucknow in News on 15 February 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में आज से तीन दिन तक शिक्षाविदों का जमावड़ा

अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम का उद्घाटन करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि में समागम की पूर्व संध्या पर हुआ पूर्व अभ्यास। -स्रोत- लखनऊ विवि

लखनऊ। लविवि में बृहस्पतिवार से तीन दिन तक देशभर के शिक्षा संस्थानों के प्रमुख शिक्षाविद जुटेंगे। वे नई शिक्षा नीति 2020 के साथ ही उच्च शिक्षा से जुड़े तमाम विषयों पर अपने विचार रखेंगे। 15 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन शाम को छह बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्षता केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह और उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। इसमें उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र व कुलपति प्रो. आलोक राय भी मौजूद रहेंगे।

विवि के कला प्रांगण में बनाए गए वाल्मीकि सभागार में होने वाले कार्यक्रम में यूजीसी से लेकर नैक जैसी संस्थाओं के चेयरमैन भी मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 17 फरवरी को सुबह 10 से 11.30 बजे के सत्र में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल सहभागिता करेंगे। यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार, नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलाजी फोरम के चेयरमैन अनिल सहस्त्रबुद्धे, पद्मश्री पुरस्कार विजेता चमु कृष्ण शास्त्री सुबह 16 फरवरी को 10 से 11.30 बजे के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इंटरैक्टिव में दोपहर 12 से 1.30 बजे तक हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस (एचसीआई) के प्रमुख के साथ बैठक होगी। दोपहर 1.30 से दो बजे के बीच डिकोडिंग मल्टी डिसीप्लनरी एजुकेशन सत्र में वक्ता के रूप में आईयूएसी के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडेय, एफएलएएमई यूनिवर्सिटी से प्रो. युगांक गोयल और एनआईटीटीई एजुकेशन ट्रस्ट के निदेशक अकादमिक प्रो. संदीप शास्त्री होंगे। चेयरपर्सन राज्यसभा सांसद प्रो. दिनेश शर्मा रहेंगे। 2.30 बजे से सत्र को नैक के निदेशक प्रो. गणेशन कन्नाबिरन और आईआईएम नागपुर के निदेशक प्रो. भीमराया मैत्री संबोधित करेंगे।

प्राक्टोरियल बोर्ड ने जारी की गाइडलाइन

- कार्यक्रम के मद्देनजर प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने विस्तृत गाइडलाइन जारी की। इसमें सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को उनके वाहन गेट संख्या 4 व 7 पर स्थित पार्किंग में खड़ा करने को गया है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को आईकार्ड के साथ कैंपस में रहने के निर्देश दिए गए है। किसी तरह की अनुशासनहीनता होने पर कड़ी विधिक कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है।
- **कार्यक्रम का हुआ पूर्वाभ्यास...** आयोजन की पूर्व संध्या पर पूर्वाभ्यास हुआ। इसमें प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी मुख्यमंत्री की भूमिका में नजर आए। प्रो. विनोद सिंह उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय मंत्री बने। केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री प्रो. गीतांजलि बनी। इसी तरह अन्य शिक्षक भी कार्यक्रम के अतिथियों की भूमिका में नजर आए।

प्रो. राकेश द्विवेदी बने विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लविवि के समाजशास्त्र विभाग में प्रोफेसर डॉ. राकेश द्विवेदी को विभाग का नया अध्यक्ष बनाया गया है। प्रो. अनूप भारतीय का कार्यकाल पूरा होने के बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रो. राकेश को हेड की जिम्मेदारी सौंपी। प्रो. राकेश विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर भी हैं। सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। (संवाद)

बीकॉम पांचवें सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने बुधवार विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के अंतर्गत बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

NBT PAGE 4

स्वागत की तैयारी



विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और एलयू की ओर से 15 से 17 फरवरी के बीच अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 (एनएसआईएल) का आयोजन किया जाएगा। समागम में शामिल होने वाले मेहमानों के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रो.राकेश द्विवेदी बने विभागाध्यक्ष

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी ने बुधवार को समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। एलयू प्रवक्ता ने बताया कि उन्हें समाज कार्य के क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव है। वह विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से सक्रिय हैं। वह पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक भी रह चुके हैं।

HINDUSTAN PAGE 06

शिक्षा समागम में आज जुटेंगे दिग्गज

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 की शुरूआत गुरुवार से होगी। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर को सजा दिया गया है। शिक्षा सम्मेलन के मद्देनजर पूर्वाभ्यास भी किया गया। चीफ प्रॉक्टर ने गाइडलाइंस जारी की।

विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और एलयू की ओर से 15 से 17 फरवरी के बीच अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 का आयोजन हो रहा है। बुधवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी की अगुवाई में पूर्वाभ्यास हुआ। उप कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने मुख्यमंत्री और वीबीयूएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा की भूमिका में अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. विनोद सिंह रहे। उच्च शिक्षा मंत्री का किरदार प्रो. कमल कुमार और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की भूमिका में विधि संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह नजर आए।

आयोजन के लिए सजा एलयू

बाहरी व्यक्ति के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध

मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने गाइडलाइन जारी कर दी हैं। बाहरी व्यक्ति के परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध है। छात्र-छात्राएं परिसर में अपने परिचय पत्र के साथ ही प्रवेश करें। अतिथियों को गेट नंबर-दो से प्रवेश मिलेगा। वह क्रीडा परिषद के मैदान में गाड़ियां खड़ी कर सकते हैं।

- आरएसएस के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपालजी का संबोधन सम्मेलन में दूसरे दिन होगा।
- समापन में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और विशिष्ट अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ होंगे।

प्रो. राकेश द्विवेदी बने समाज कार्य के विभागाध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कार्य विभाग का विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव ने पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्षों या अगले आदेश तक वह इस पर बने रहेंगे। उन्हें बुधवार को प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने पुष्पगुच्छ देकर पदभार सौंपा। प्रो. राकेश द्विवेदी को राज्य स्तर पर कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

PIONEER PAGE 3

राजधानी में भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 2024 का आगाज आज से

● लखनऊ विश्वविद्यालय 15 से 17 फरवरी तक चलने वाले समागम का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल करेंगी समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समापन सत्र में बिहार के राज्यपाल होंगे शामिल

अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 2024 का हुआ पूर्वाभ्यास

यूजीसी के चेयरमैन बताएंगे उच्च शिक्षा की नीतियां

प्रेजेंटेशन के जरिए विचार साझा करेंगे कुलपति

आरएसएस के सह सरकार्यवाह का विशेष संबोधन

16 फरवरी को इन सत्रों का आयोजन होगा

17 को एआईटीईटी के चेयरमैन होंगे वक्ता

i-NEXT PAGE 3

अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम आज से

LUCKNOW (14 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 का शुभारंभ गुरुवार से होगा. तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश भर के कुलपति, कुलाधिपति व शिक्षाविद् जुटेंगे. समागम-2024 का उद्घाटन गुरुवार को शाम छह बजे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह और उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे. तीन दिवसीय समागम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के सफल कार्यान्वयन और भारत में उच्च शिक्षा को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा होगी. वहीं, पूर्व संध्या पर समारोह का पूर्वाभ्यास भी किया गया. इसमें आयोजन से जुड़े सभी समन्वयक, समितियों के प्रभारी शिक्षक दिन भर तैयारियों में जुटे रहे.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम आज से

लवि के चार व सात नंबर द्वार पर खड़े होंगे वाहन

16 फरवरी को होंगे इंटरैक्टिव सत्र

प्रो. राकेश बने विभागाध्यक्ष

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

तीन दिवसीय कुलपति समागम आज से

लखनऊ (एसएनबी)। 15 फरवरी से शुरू होने वाले तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 के उद्घाटन की पूर्व ...

अभा संस्थागत नेतृत्व समागम-2024

उद्घाटन समारोह में आज होंगे राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

तैयारी पूरी, तीन दिनों तक चलेंगे कई सत्र

... बनाए गए अस्थाई पंडाल (हैंगर) का नाम वाल्मीकि पंडाल रखा गया है, करीब 200 कलपतियों को वैठने के लिए सोफे लगाए गए है।

प्रो. राकेश द्विवेदी बने समाज कार्य विभाग के नये विभागाध्यक्ष

लखनऊ (एसएनबी)। प्रोफेसर राकेश द्विवेदी को लखनऊ विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग का नया ...

AMRIT VICHAR PAGE 4

कुलानुशासक बने समाज कार्य विभागाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि के मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी को समाज कार्य विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया है। समाज कार्य के क्षेत्र में इनका लंबा अनुभव है। ये राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक भी रह चुके हैं। ऐसे में इन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार भी मिल चुका है। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान विभाग में विवि के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, विभाग के शिक्षक, छात्र एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

प्रो. राकेश द्विवेदी बने समाज कार्य विभाग के नए विभागाध्यक्ष

पार्थनियर समाचार सेवा। लखनऊ

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम का उद्घाटन आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवनिर्मित बाल्मीकि मंडप में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर समागम

पूर्वाभ्यासः सीएम बने प्रो.अरविंद, उच्च शिक्षा मंत्री की भूमिका में प्रो.कमल

के सफल आयोजन के लिए बाल्मीकि मंडप में पूर्वाभ्यास किया गया। इस पूर्वाभ्यास में मुख्यमंत्री की भूमिका में उपकुलपति प्रो.अरविंद अवस्थी, प्रो.कैलाश चंद्र शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीबीयूएसएस, की भूमिका में प्रो.विनोद सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश की भूमिका में प्रो.कमल कुमार, कुलपति, लविवि, प्रो.आलोक कुमार राय की भूमिका में प्रो.बीडी सिंह, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी की भूमिका में प्रो.गीतांजलि मिश्र, डॉ.राज कुमार रंजन सिंह, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार की भूमिका में कुलसचिव लविवि डॉ.विनोद कुमार सिंह ने प्रतिभाग किया। इस पूर्वाभ्यास का आयोजन कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी के निर्देशन में हुआ। इस पूर्वाभ्यास में इस आयोजन से जुड़े सभी आयोजन मंडल के सदस्य, समूहों के समन्वयक, सभी समितियों के प्रभारी शिक्षक एवं उनकी समिति के सभी सदस्य, आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं शिक्षक अपनी पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित थे।

समाज कार्य विभाग को मिले नए विभागाध्यक्ष

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में प्रो.राकेश द्विवेदी ने विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रो.द्विवेदी वर्तमान में लविवि के मुख्य कुलानुशासक के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। प्रो.द्विवेदी को समाज कार्य के क्षेत्र में करीब 20 वर्षों का अनुभव है और वह विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से सक्रियता से कार्य करते आ रहे हैं। प्रो.द्विवेदी पूर्व में लविवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक भी रह चुके है। प्रो.द्विवेदी को राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। इन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न शोध परियोजनाओं पर कार्य किया है। निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा भी कई बार मतदाता जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट कार्य के लिए इन्हें राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। प्रो.द्विवेदी ने लविवि में समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी सहभागिता के द्वारा विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने वाली विभिन्न गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते आए हैं। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान विभाग में विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, विभाग के शिक्षक, छात्र एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

VoL PAGE 4

समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष बने प्रो. राकेश द्विवेदी

लखनऊ। लविवि के समाज कार्य विभाग में प्रो. राकेश द्विवेदी ने बुधवार को विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रो. द्विवेदी वर्तमान में लविवि के मुख्य कुलानुशासक के दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। ...

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि में बही सुर-ताल की रसधार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्चविद्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 का आयोजन होना है। इसको लेकर एक दिन पहले छात्रों ने नृत्य एवं गायन का पूर्वाभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित देश-प्रदेश के शिक्षाविदों के आने को लेकर विवि प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं दिन भर पूरी की जाती रहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की भूमिका में उप कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी रहे। वीबीयूएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश चंद्र शर्मा की भूमिका का निर्वाहन प्रो. विनोद सिंह द्वारा किया गया। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी की उपस्थिति में छात्रों ने नृत्य कला और गायन का पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

TOI PAGE 3

LU to hold entrance tests for PhD courses on Feb 24 & 25

Times News Network

Lucknow: Lucknow University will be conducting entrance tests for admission to PhD courses on Feb 24-25. The entrance test will be of 90-minute duration and will have multiple choice questions.

"For admission to 974 PhD courses offered in 41 subjects we have received 7,200 applications. The entrance test will be held in the LU old campus and the second campus," LU spokesperson Durgesh Srivastava said, adding that candidates can download the admit card for the entrance examination from Feb 18 using the login ID received at the time of submitting the admission form.

The PhD entrance test for business administration, biochemistry, journalism and mass communication, English, public health, Persian, public policy and governance, home science, mathematics and physical education, anthropology, western history and Urdu will be held on Feb 24 in the morning shift from 10:30 am to 12 noon, said officials.

The entrance tests for admission to political science, physics, geography, zoology, statistics, applied economics, Arabic, Sanskrit, sociology, French, Arab culture and linguistics will be held the same day in the second shift from 2:30 pm to 4 pm. The entrance test for PhD in education, oriental Sanskrit, geology, economics, ancient Indian history and archaeology and law will be held on Feb 25 from 10:30 to 12 noon, while the entrance test for commerce, botany, modern Indian history, psychology, defence studies, philosophy, social work, public administration, chemistry and Hindi will be held the same day in the second shift from 2:30 pm to 4 pm.

"In case of any inconvenience a candidate can contact the helpline number 0522-4150500 from 10 am to 6 pm. If any candidate has applied for admission to more than one subject and the entrance test of the respective subjects are clashing on the same date and time then a candidate can drop an email at luadmissions2023@gmail.com," said spokesperson.

'In-depth study to help crack test'

Experts have advised candidates to focus on in-depth study of their respective subjects to crack the PhD entrance test. They should also focus on post-graduate syllabus and general awareness, they added.

LU to showcase academic strength at national summit

Times News Network

Lucknow: The Lucknow University (LU) will get an opportunity to showcase its academic strength before top academic institutes as around 1,000 heads of leading institutions of the country will be part of the 'National Summit of Institutional Leaders' to be held at LU from Thursday-Friday.

The summit will be inaugurated by chief minister Yogi Adityanath, while guests of honour will be minister of state for education Rajkumar Ranjan Singh and minister of higher education, science and technology, electronics and IT Yogendra Upadhyay.

"We were excited to host the science congress as we had a lot of academic excellence and achievement of recent years to share with intellectuals but unfortunately the congress could not be held. Hence, we see this summit as another opportunity or say, a relatively bigger opportunity as it is not confined to science but to wider areas," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.